# 8 मार्च को देहरादून में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन की होगी बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक आगामी 8 मार्च को देहरादून में आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के संयोजक एवं ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन श्री शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि बैठक में उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया तथा आंदोलनरत बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों के विरुद्ध की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी तथा आगे की रणनीति पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।



उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 के विरोध में भी प्रस्ताव पारित किया जाएगा। फेडरेशन का मानना है कि इन नीतियों के माध्यम से देश के बिजली क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका बिजली उपभोक्ताओं, कर्मचारियों और इंजीनियरों पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा बिजली वितरण कंपनियों के निजीकरण को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता से जोड़कर लगाई जा रही शर्तों का भी फेडरेशन ने कड़ा विरोध किया है।

इस विषय पर भी राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के आंदोलन के दौरान पिछले वर्ष 8 दिन तक चले क्रमिक अनशन में भी देश के विभिन्न राज्यों के बिजली इंजीनियर लखनऊ आकर शामिल हुए और उत्तर प्रदेश के आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता प्रकट की। इसके अतिरिक्त गत वर्ष 9 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित विशाल बिजली महापंचायत और रैली में भी देश के अनेक राज्यों के बिजली इंजीनियरों और कर्मचारियों ने भाग लेकर यह स्पष्ट संदेश दिया था कि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों के निजीकरण विरोधी आंदोलन को पूरे देश के बिजली कर्मियों का समर्थन प्राप्त है।

# लखनऊ व्यापार मंडल ने रंगबिरंगे गुलाल से खेली होली

## होलिका दहन में व्यापारियों ने देश की खुशहाली के लिए की प्रार्थना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** होली वाले दिन गणेशगंज लखनऊ व्यापार मंडल ने खुशबूदार गुलाल व परफ्यूम लगाकर गले मिलकर ढोल नगाड़ों संग फिल्मी गानों पर जमकर होली खेली गई।



पदाधिकारियों ने इस खास मौके पर क्षेत्रीय व्यापारियों के लिए ( स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल ) के साथ होली खेलते हुए ( केसरिया ठंडाई ) के भव्य इंतजाम किए गए थे गणेश गंज लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी महामंत्री बलराम मौर्य कोषाध्यक्ष अनूप गुप्ता के सी पाण्डेय सुशील गुप्ता, मनोज केसरवानी सुनील कुमार गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, नरेश मोतियानी, शैलेंद्र मौर्य, दीपक लौंगगानी, मन्नू बदलानी, सहित सभी ने एक दूसरे से परफ्यूम व खुशबूदार गुलाल लगाकर गले मिले होली मिलन कार्यक्रम में व्यापारियों ने एक जुट रहने का संदेश दिया।

सिटी प्लाजा कैप्स में ढोल नगाड़ों के बीच जमकर भांगड़ा किया व एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं दी गई व्यापारी नेता अशोक मोतियानी बलराम मौर्य ने संयुक्त रूप से कहा है ( होली के पावन पर्व में हमको पुराने भेद भाव भुलाकर एक जुटता का सन्देश देना चाहिए उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कई सालों से होली मिलन समारोह गणेश गंज के व्यापारियों संग धूम धाम से मनाया जाता है व्यापारी गण इस आयोजन में मिलजुल कर होली जैसे पर्व पर एकजुट रहने का संदेश देते है।

# श्रद्धा व उत्साह से मनाया होला मोहल्ला पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बुधवार को गुरुद्वारा आलमबाग में बहुत श्रद्धा और उत्साह के साथ होला मोहल्ला का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर हेड ग्रंथी ज्ञानी जगजीत सिंह ने कथा की तथा रागी जत्था सतबीर सिंह द्वारा कीर्तन कर संगत को निहाल किया गया।



सुबह 9 बजे से 12 बजे तक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें छोटे बच्चों के लिए गुब्बारे फुलाकर दौड़, म्यूजिकल चेयर तथा बड़ों के लिए म्यूजिकल चेयर, भाला फेंक, लंगड़ी दौड़ और हर्डल रेस जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिए गए। इसके बाद दरबार हॉल में सरदार मनिंदर सिंह एवं बच्चों द्वारा कविश्री का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी हरजीत सिंह ने बताया कि अंत में गुरुद्वारा कमेटी द्वारा कीर्तन किया गया तथा संगत में लंगर का वितरण किया गया। प्रधान निर्मल सिंह एवं जनरल सेक्रेटरी रतपाल सिंह गोल्डी ने होला मोहल्ला के अवसर पर संगत को बधाई दी। आज के कार्यक्रम में निर्मल सिंह, रतपाल सिंह गोल्डी, हरजीत सिंह, त्रिलोक सिंह, परमजीत सिंह, इकबाल सिंह, गुरदीप सिंह, मनमोहन सिंह, इंदरपाल सिंह, भूपिंदर सिंह पिंडा, हरमहिंदर सिंह सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## पोखरे में नहाने गई दो किशोरियों की डूबने से मौत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के निजामाबाद क्षेत्र में होली खेलने के बाद बुधवार देर शाम गांव के ही पोखरे में नहाने गई दो सहेलियों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। निजामाबाद थाना क्षेत्र के फत्तनपुर मुस्तफाबाद गांव में बुधवार को होली के पर्व के दौरान पोखरे में डूबने से दो किशोरियों की जान चली गई। मृतकों की पहचान 14 वर्षीय अंशिका और 18 वर्षीय शिवांगी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष निजामाबाद, हीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गांव की रहने वाली अंशिका और शिवांगी दोपहर में परिजनों व दोस्तों के साथ होली खेलने के बाद शरीर से रंग साफ करने के लिए गांव के पास स्थित एक पोखरे पर गई थीं। नहाते समय दोनों सहेलियां अनजाने में किनारे से गहरे पानी की ओर चली गईं।

# होली के रंग में सराबोर हुआ लखनऊ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी में होली का पर्व हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया होली के रंग में सराबोर हुआ।लखनऊ शहर इस मौके पर गंगा जमीन तहजीब की मिसाल लोगों ने पेश की एक दूसरे को लोगों ने गुलाल व रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं पेश की।होली के रंगों के साथ राजधानी में सौहार्द का रंग अपनी परंपराओं में घुलकर और चटख हो गया। शहर के ऐतिहासिक चौक क्षेत्र में बुधवार को परम्परागत होरियारों का जुलूस धूमधाम के साथ निकला।



करीब 70 वर्षों से लगातार निकल रहा यह जुलूस रंग-गुलाल, पुष्पवर्षा और फाग गीतों के बीच पूरे इलाके को होली के रंग में रंगता चला गया। घोड़े, ऊंट, बग्घी, रथ और खच्चरों पर सवार होरियारों की टोली ने टेसू के फूलों से बने रंग उड़ाते हुए लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। हवा में उड़ते रंग-बिरंगे गुलाल से आसमान इन्द्रधनुषी रंगों से भर उठा और दर्शकों ने इस मनमोहक दृश्य का भरपूर आनंद लिया। जुलूस का नेतृत्व होली समिति के अध्यक्ष गोविन्द शर्मा, पार्षद व संयोजक अनुराग मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार वर्मा, ओम प्रकाश दीक्षित, अमित टण्डन और राज बाबू रस्तोगी सहित अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने किया। जुलूस चौक स्थित कोनेश्वर मंदिर से शुरू होकर पं. अमृत लाल नागर चौक, कमला नेहरू मार्ग, मेडिकल क्रासिंग, विक्टोरिया स्ट्रीट, मेफेयर तिराहा, अकबरी गेट, तहसीन मस्जिद, गोटा बाजार और चौक सर्राफा होते हुए पुनः पं. अमृत लाल नागर चौक पर सम्पन्न हुआ। जुलूस में पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा और भाजपा नेता नीरज सिंह भी शामिल हुए। सभी ने पद्म विभूषण पं. अमृत लाल नागर और पूर्व राज्यपाल लालजी टण्डन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर लोगों को होली की बधाई दी।

जुलूस के दौरान गायकों की टोलियों ने फाग गीतों से माहौल को उत्सवमय बनाए रखा। वहीं, मुस्लिम समाज के लोगों ने भी जगह-जगह फूलों से स्वागत कर लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। चौक सब्जी मंडी, विक्टोरिया स्ट्रीट, अकबरी गेट और सराय तहसीन समेत कई स्थानों पर व्यापार मंडलों और स्थानीय लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। समापन के अवसर पर समिति की ओर से 'होरियारा सम्मान' भी प्रदान किया गया। आकर्षक वेशभूषा के लिए उत्तम कपूर और आनंद रस्तोगी को 11-11 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। करीब 200 वर्षों की परम्परा से जुड़ा चौक का यह होली मेला नवाबी दौर की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक माना जाता है। देर रात तक चले इस आयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठनों और व्यापार मंडलों की ओर से होली मिलन कैम्प लगाए गए, जहां लोगों को ठंडाई, खस और गुलाब का शरबत तथा पान खिलाकर बधाई दी गई। रंग खेलने के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने कोनेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन भी किए।

## आगरा में ऑटो चालक की जल कर मृत्यु, प्रेमिका पर आरोप

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के शाहगंज क्षेत्र में एक ऑटो चालक की जल कर हुई मृत्यु के मामले में प्रेमिका पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक चांद ऑटो चालक था और विवाहित था, जबकि शबनम विधवा बताई जा रही है। दोनों लगभग दो वर्षों तक लिव-इन रिलेशन में रहे। करीब 15 दिन पूर्व शबनम ने अपने देवर सोनू खान से विवाह कर लिया था। जानकारी के मुताबिक 27 फरवरी की रात चांद को जली अवस्था में सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने तिराहे पर शव रखकर हंगामा किया। पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद परिजन शांत हुए और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि चांद के पास कुछ आपत्तिजनक वीडियो थे, जिन्हें लेकर शबनम उस पर दबाव बना रही थी। आरोप है कि 27 फरवरी की देर शाम करीब नौ बजे ऑटो रुकवाकर चांद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी गई और आरोपी फरार हो गए। परिजनों का यह भी कहना है कि शिकायत के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं की गई।

# रमजान इस्लामी साल का सबसे पवित्र व बरकत वाला महीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इस महीने में अल्लाह ताला ने मुसलमानों पर रोजे फर्ज ( अनिवार्य) किए है, जैसा कि पवित्र कुरआन में वर्णित है। इस महीने की अहमियत और बढ़ गई जब माहे रमजान में अल्लाह ताला ने अपनी किताब पवित्र कुरआन को उतारा और इस माह की इबादत का सवाब सत्तर गुणा बढ़ा दिया।



रमजान रहमत, मगफिरत और निजात का संदेश लेकर आता है , जो हमें आत्मशुद्धि , चरित्र निर्माण , दया , करुणा और इंसानियत का पाठ ही नहीं पढ़ाता बल्कि गरीबों और जरूरत मंदों की मदद करने को उकसाता है। यही कारण है कि रमजान आध्यात्मिक उन्नति और सामाजिक सद्भाव का अनमोल महीना माना जाता है। इस्लाम धर्म में रमजान के दूसरे अशरे दस दिनों ( 11- 20 दिन ) में यानी अल्लाह से अपने गुनाहों की क्षमा , माफी , निजात , बख्शिश मांगने को मगफिरत का अशरा कहते है। यह दस दिन विशेष रूप से तौबा और आत्ममंथन के लिए समर्पित माने जाते हैं। इन दिनों में बंदा को चाहिए अपने रब के सामने झुककर अपने गुनाहों की माफी मांगता रहे। कुरआन शरीफ में अल्लाह फरमाता है कि वह तौबा क़ुबूल करने वाला और अत्यंत दयालु है। यह आयतें इंसान को निराशा से निकालकर उम्मीद की राह दिखाती हैं। साहिह बुखारी हदीस नव 38 में वर्णित है। प्यारे नबी हजरत मोहम्मद ﷺ ने फरमाया कि जिसने ईमान और सवाब की नीयत से रोजे रखे, उसके पिछले गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। इस से रोजे का आध्यात्मिक महत्व स्पष्ट होता है जो इंसान को अपनी कमजोरियों से परिचित कराने के साथ बुराइयों से दूर रहने की ताक़त देता है। दूसरे अशरे में मगफिरत की दुआ हअस्तगफिरुल्लाह रब्बी मिन कुल्लि जंबिन वा तूबू इलही में अल्लाह से जो मेरा पालनहार है।

# आठ मार्च को लगेगा पिंक रोजगार महाकुंभ महिलाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

### फ्लिपकार्ट, रिलायंस जिओ, आईसीआईसीआई बैंक, एयरटेल, अमेजन सहित 50 कंपनियां करेंगी चयन

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** प्रदेश में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को लखनऊ में 'पिंक रोजगार महाकुंभ-2026' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह रोजगार महाकुंभ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इसके माध्यम से 5 हजार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योगी सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश की शिक्षित युवतियों और महिलाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों से सीधे जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। पिंक रोजगार महाकुंभ में केवल महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इसमें 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकेंगी। योग्यता के रूप में 10वीं, 12वीं, स्नातक, परास्नातक, बी.टेक, बीबीए, एमबीए, फार्मेसी सहित अन्य तकनीकी और सामान्य डिग्रीधारी महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। इस आयोजन का उद्देश्य विभिन्न शैक्षिक पृष्ठभूमि वाली महिलाओं को रोजगार के व्यापक विकल्प प्रदान करना है। रोजगार महाकुंभ में देश की कई प्रमुख कंपनियां शामिल होंगी। इनमें फ्लिपकार्ट, रिलायंस जियो, आईसीआईसीआई बैंक, एयरटेल, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा फाइनेंस, अमेजन और केएफसी जैसी कंपनियां विभिन्न पदों पर चयन प्रक्रिया संचालित करेंगी। 50 से अधिक कंपनियां इस रोजगार मेले में शामिल होकर सेल्स, कस्टमर सर्विस, आईटी सपोर्ट, बैंकिंग, रिटेल, लॉजिस्टिक्स और सर्विस सेक्टर से जुड़े पदों पर भर्ती करेंगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस पिंक रोजगार मेले के माध्यम से 5 हजार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है।रोजगार महाकुंभ में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को पहले से ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए रोजगार संगम पोर्टल और नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। पंजीकरण पूरी तरह निःशुल्क है। अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के समय अपने साथ बायोडाटा की प्रतियां, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षिक प्रमाणपत्र और रजिस्ट्रेशन स्लिप लानी होगी। योगी सरकार पिछले कुछ वर्षों में मिशन रोजगार, कौशल विकास कार्यक्रमों और सेवायोजन मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में पिंक रोजगार महाकुंभ महिलाओं को सीधे कंपनियों से जोड़ने का एक बड़ा मंच साबित हो सकता है। ऐसे आयोजनों से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि प्रदेश में महिला कार्यबल की भागीदारी भी मजबूत होगी।

# उत्तराखंड महापरिषद ने लखनऊ में मनाई धूमधाम से होली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तराखंड महा परिषद के पदाधिकारियों एवं उत्तराखंड समाज के गणमान्य लोगों ने इस वर्ष पारंपरिक कुमाऊंनी होली बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई।महापरिषद के अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत के मुरली नगर स्थित आवास से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित होलियारों ने सर्वप्रथम भगवान गणेश की स्तुति करते हुए पारंपरिक होली गीत सिद्धि के दाता विघ्न विनाशकह गाकर कार्यक्रम का मंगलमय आरंभ किया।

इसके पश्चात सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। इसके बाद होलीयारों की टोली वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत के विकास नगर स्थित आवास पहुंची, जहां पारंपरिक बैठकी होली का आयोजन हुआ। वहां भी उत्तराखंड की समृद्ध सांस्क्रतिक परंपरा के अनुरूप होली गीतों की मधुर प्रस्तुति दी गई।

तत्पश्चात होलीयारों की टोली उत्तराखंड महापरिषद के महासचिव भरत सिंह बिष्ट के आवास शिवानी विहार कल्याणपुर पहुंची, जहां पारंपरिक ढंग से होली गाई गई। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभाशीष दिया और उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भरत सिंह बिष्ट ने उपस्थित लोगों से कहा कि उत्तराखंड की होली केवल रंगों का उत्सव ही नहीं, बल्कि संगीत, भक्ति, संस्कृति और आपसी भाईचारे का अनूठा संगम है। लखनऊ में बसे उत्तराखंडवासी हर वर्ष अपनी परंपराओं को जीवंत रखते हुए इस पर्व को बड़े उत्साह से मनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक होली गीतों की स्वर लहरियों से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय हो उठा। रंग, उमंग और सांस्क्रतिक परंपरा का यह सुंदर संगम लखनऊ में बसे उत्तराखंडवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। होलियारों में हरीश चंद्र पंत,भरत सिंह बिष्ट, मंगल सिंह रावत, सुरेंद्र राजेश्वरी, पूरन जोशी, लाल सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह गएेलाकोटि आदि शामिल रहे।

# झंडे वाली मस्जिद में कुरआन हुआ मुकम्मल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** मस्जिदों में कुरआन मुकम्मल होने का सिलसिला जारी इसी कड़ी में आज खीरी टाउन स्थित मस्जिद झंडे वाली में कुरआन की तिलावत मुकम्मल हुई हाफिज रेहान रजा ने कुरआन पाक की तिलावत मुकम्मल की,



इस अवसर पर कुरआन की अजमत पर प्रकाश डालते हुए कारी अख्तर रजा बरकाती ने कहा कुरआन हमे मानवता, शांति एवं भलाई का संदेश देता है वक्त की जरूरत है कि हम लोग कुरआन की शिक्षा को अपने जीवन में उतारे, इस अवसर पर हाफिज रेहान रजा को नमाजियों ने नकदी व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर हाफिज मतीन रजा रहमानी, शकील बरकाती,मोद्द रेहान रजा एडवोकेट,नगर पंचायत अध्यक्ष पति फहीम अहमद, आदि लोग मौजूद रहे अंत में तबर्रुक वितरित किया गया।

## ऑटो रिक्शा पेड़ से टकराया, महिला की मौत

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में हरदोई-पिहानी मार्ग पर कोतवाली देहात क्षेत्र के भूरा टिकुर के पास गुरुवार सुबह एक ऑटो के पेड़ से टकरा जाने से एक महिला की मौत हो गई जबकि छह लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज सुबह ऑटो चालक को झपकी आ जाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराया। हादसे के समय ऑटो में चालक सहित सात लोग सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को ऑटो से बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया।

# महिला दिवस पर केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित होगी महिला स्मिता लीग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च 2026 को लखनऊ में एएसएमआइटीए लीग के अंतर्गत महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के निर्देशन में के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में लगभग 1000 से अधिक महिला प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है। एएसएमआइटीए लीग का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा खेलों में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग-अंडर-13, 13-18 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस प्रकार कुल 9 दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए एक एंगेजमेंट गतिविधि (जैसे रस्सा-कसी प्रतियोगिता) भी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। अधिक से अधिक महिला प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए शिक्षा विभाग, आईटीआई अलीगंज, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उच्च शिक्षा विभाग, एनएसएस, एनसीसी एवं भारत स्काउट एवं गाइड का सहयोग लिया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेंस एवं चिकित्सक दल की तैनाती की जाएगी तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतियोगिता के तकनीकी संचालन हेतु क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी द्वारा रेफरी एवं कोच तैनात किए जाएंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जनता का दिल जीत कर सपा बनाएगी 2027 में सरकार: शिवपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में जनता का दिल जीत कर सरकार बनाएगी। इटावा में अपने चौगुर्जी स्थित आवास पर यूनीवार्ता से विशेष बातचीत में श्री यादव ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहने की नसीहत देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मजबूती के साथ मैदान में सक्रिय हैं और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं।



उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने का आह्वान किया। उनका कहना था कि चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने कई तरह की तिकड़में कर गलत तरीके से वोट जुड़वाने का प्रयास किया, लेकिन समा. जवादी कार्यकर्ताओं ने मेहनत करके सही मतदाताओं के नाम जुड़वाए और गड़बड़ियों को सामने लाने का काम किया। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई और भ्रष्टाचार से परेशान है। जीएसटी के नाम पर व्यापारियों और आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है तथा युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, जिससे निराशा बढ़ रही है। ऐसे समय में पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे समाज के सभी वर्गों के बीच जाएं, गरीबों और पीड़ितों की समस्याएं सुनें और उनकी मदद करें। उन्होंने कहा कि समा. जवादी विचारधारा से जुड़े लोगों को एकजुट करना होगा और पीडीए के लोगों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाना होगा। तभी आने वाले चुनाव में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकेंगे। श्री यादव ने कहा कि कार्यकर्ता अनुशासन और प्रेम की भाषा के साथ लोगों के बीच जाएं। इसी से जनता का विश्वास जीता जा सकता है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला अधेड़ का शव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोंड़ सियारहां गांव में गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के सियरहां गांव में जल जीवन मिशन की पानी की टंकी के सामने गुरुवार को एक 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि व्यक्ति का शव सड़क से करीब 100 मीटर दूर खेत में पड़ा मिला। घटनास्थल पर सड़क से खेत तक शव को घसीटकर ले जाने के निशान भी दिखाई पड़ रहे हैं। इससे लगता है कि अधेड़ की हत्या की गई है। सूचना मिलते ही भदोही कोतवाल सच्चिदानंद पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## होली आई रे' में रंगों, संगीत व उत्साह के साथ लखनऊवासियों ने मनाई यादगार होली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** होली के अवसर पर ड्रीमवर्ल्ड रिजॉर्ट में आयोजित भव्य कार्यक्रम 'होली आई रे' सेलिब्रेशन 2026' का शानदार और सफल आयोजन किया गया।

इस विशेष आयोजन में रंगों, संगीत और मनोरंजन के अनोखे संगम के बीच लोगों ने उत्साह और उमंग के साथ होली का त्योहार मनाया। कार्यक्रम की खास आकर्षण बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री पाखी हेगड़े की शानदार प्रस्तुति रही, जिनकी परफॉर्मेंस पर लोगों ने जमकर मस्ती की और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, परिवारों और होली प्रेमियों ने भाग लिया और पूरे जोश के साथ इस रंगारंग उत्सव का आनंद उठाया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए (चेयरमैन)मनीष वर्मा ने



बताया कि 'होली आई रे' का उद्देश्य लखनऊवासियों को एक सुरक्षित, व्यवस्थित और प्रीमियम होली उत्सव का अनुभव प्रदान करना था।

इस आयोजन में सेलेब्रिटी गेस्ट पाखी हेगड़े की मौजूदगी ने कार्यक्रम में खास आकर्षण जोड़ा, वहीं डीजे आशिका की धमाकेदार धुनों पर युवाओं ने जमकर डांस किया।

रंगों की मस्ती, संगीत की धुनों और रोमांचक पूल पार्टी ने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। कुल मिलाकर 'होली आई रे' कार्यक्रम ने लखनऊवासियों को एक यादगार और आनंदमय होली का अनुभव प्रदान किया।

# प्रयागराज की लोकनाथ व अन्य जगह की ऐतिहासिक होली













## बदलते मौसम में बच्चों में बढ़ रहा डायरिया व निमोनिया का खतरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बदलते मौसम के दौरान लापरवाही बच्चों की सेहत पर भारी पड़ सकती है। खानपान में गड़बड़ी और साफ-सफाई की अनदेखी के कारण बच्चों में डायरिया और निमोनिया के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों में इन बीमारियों के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और उपचार कराएं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महाप्रबंधक डा. मिलिद वर्धन ने बताया कि बदलते मौसम में छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है, जिससे दस्त और निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस और जिंक की दवाएं निश्शुल्क उपलब्ध हैं। साथ ही बच्चों की जांच और उपचार की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि यदि अभिभावक शुरुआती लक्षणों की पहचान कर तुरंत आशा, एएनएम या नजदीकी स्वास्थ्य इकाई से संपर्क करें तो बच्चे को गंभीर स्थिति में जाने से बचाया जा सकता है। समय पर ओआरएस घोल, जिंक की गोली और आवश्यक दवाओं से अधिकतर बच्चे जल्दी स्वस्थ हो जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली मृत्यु के लगभग 15 से 20 प्रतिशत मामले डायरिया और निमोनिया से जुड़े होते हैं। ओआरएस और जिंक से डायरिया के 90 प्रतिशत से अधिक मामलों का सफल उपचार संभव है, जबकि निमोनिया की शीघ्र पहचान से गंभीर जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। डा. मिलिद वर्धन ने बताया कि दस्त होने पर बच्चे को तुरंत ओआरएस घोल देना शुरू करें और स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर 14 दिन तक जिंक की गोली देना सुनिश्चित करें। बच्चे को बार-बार स्तनपान कराएं और पर्याप्त तरल पदार्थ दें।

## रोजगार मेले का आयोजन 8 को

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला अभ्यर्थियों हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज परिसर में दिनांक 8 मार्च 2026 को प्रात: 10 बजे से वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है उक्त मेले में निजी क्षेत्र की सिद्धि इन्फोटेक, वी 5 ग्लोबल, महिंद्रा लिमिटेड, एक्सिस बैंक, जेसीबी इंडिया लिमिटेड आदि 18 कंपनियों द्वारा 4000 से अधिक पदों पर जिसमें वेतनमान रूपया 12500 से 33000 तक के पदों पर चयन किया जाएगा। उक्त रोजगार मेले में हाई स्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, बीसीए, एमसीए, आदि उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार महिला अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकती हैं इस रोजगार मेले में महिला अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीयन करके अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, अंक पत्र, एवं जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकती हैं।

## एसआईआर की तिथि आज अंतिम

**प्रयागराज।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2026 के अंतर्गत आयोग द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त किए जाने हेतु अंतिम तिथि दिनांक 06.03.2026 निर्धारित की गई है। आयोग द्वारा निर्धारित उक्त तिथि के अनुसार कल दिनांक 06.03.2026 तक दावे और आपत्तियों से संबंधित फॉर्म्स फॉर्म 6, 7, 8 प्राप्त किए जाएंगे। अत: जनपद के सभी अर्ह नागरिक अथवा ऐसे नागरिक जो 01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं,

वे अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराने हेतु फॉर्म - 6 घोषणा पत्र सहित भरकर अपने बूथ के बीएलओ के पास अथवा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में कल तक जमा कर दें, जिससे उनका नाम दिनांक 10.04.2026 को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में सम्मिलित हो जाएगा। फॉर्म 6 का आवेदन ऑनलाइन माध्यम से आयोग के ECINET ऐप या Voters.eci.gov.in पोर्टल पर जाकर भी किया जा सकता है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित होगी ASMITA महिला एथलेटिक्स लीग

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च 2026 के अवसर पर प्रयागराज में ASMITA महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता मदन मोहन मालवीय स्टेडियम (गेट-6, आजाद पार्क), प्रयागराज में आयोजित होगी।

यह आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल ASMITA (Achieving Sports Milestone by Inspiring Women Through Action) के अंतर्गत किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को खेलों के माध्यम से प्रेरित करते हुए उन्हें उपलब्धियों के नए मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करना है। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन माय भारत एवं भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के संयुक्त समन्वय से खेलो इंडिया योजना के 'स्पोर्ट्स फॉर विमेन' घटक के अंतर्गत संपादित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, युवतियों की शारीरिक दक्षता का विकास करना तथा जमीनी स्तर पर खेलों में उनकी सहभागिता को व्यापक बनाना है।

प्रतियोगिता में निम्न स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ व अन्य मनोरंजक एवं सामूहिक गतिविधियां जैसे रस्साकशी आदि। प्रतियोगिता के लिए आयु वर्ग निम्नानुसार निर्धारित किए गए हैं, 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष, 18 वर्ष से अधिक। इच्छुक प्रतिभागी फोन 9415437312 पर संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत, होली मे एक साथ उठी अर्थी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में होली के दिन बुधवार को एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बुधवार की दोपहर थाना क्षेत्र के फतेहपुर संगत गांव निवासी पूर्व प्रधान ओम प्रकाश सिंह के बेटे सनी सिंह अपने साथियों के साथ कार से गोसाईगंज बाजार से मुख्यालय की ओर जा रहे थे। इटकौली गांव के गेट के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। टक्कर तेज होने के कारण कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों में अभिमन्यु उर्फ सनी सिंह (38), शिवम यादव (23), आदर्श सिंह उर्फ अमन और राजकुमार सिंह शामिल थे। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने सनी सिंह और शिवम यादव को मृत घोषित कर दिया।

अन्य घायलों का गंभीर हालत में इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। इस संबंध में गोसाईगंज थाना प्रभारी रामआशीष उपाध्याय ने बताया कि तेज रफ्तार कार हादसे में पूर्व प्रधान के बेटे समेत दो युवकों की मौत हुई है। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। रात को शव घर पहुंचने पर गांव में भारी भीड़ जमा हो गई। गोमती नदी के तट पर दोनों युवकों का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अभिमन्यु उर्फ सनी सिंह झांसी में इंजीनियर थे। उनके परिवार में पत्नी मानसी सिंह, छह वर्षीय बेटा अनय सिंह, छोटे भाई हिमांशु और भाभी रेणुका सिंह हैं। उनकी सास साधना सिंह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। मृतक शिवम यादव के पिता का नाम गया प्रसाद और माता का नाम यशोदा देवी है।

## अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक ठाकुर जी की भागवत कथा की तैयारी जोरों पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवरिया।** मधुमास महोत्सव में उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के मईल क्षेत्र के ग्राम देवढ़ी में आठ मार्च से प्रस्तावित अन्तर्राष्ट्रीय कथा व्यास भागवत भास्कर कृष्ण चंद्र शास्त्री(ठाकुर जी) भागवत कथा की तैयारी जोरों पर है। भागवत कथा के आयोजक तथा ग्राम देवड़ी निवासी पंडित विवेकानंद मिश्रा ने यहां बताया कि उक्त कथा को अंत. रराष्ट्रीय कथा वाचक पं कृष्ण चंद्र शास्त्री जी कहेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए तैयारि

रयां शुरू कर दी गई है।करीब दस एकड़ की एरिया कथा स्थल को सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सात मार्च को कलश यात्रा और शोभा यात्रा निकाली जाएगी इस कलश यात्रा में करीब ढाई हजार कलश उठेंगे। भागवत कथा आठ मार्च से शुरू होकर 14 मार्च को पूर्ण होगी। कथा दिन में दो बजे से शुरू होकर शाम के छह बजे तक चलेगी। श्री मिश्रा ने बताया कि उक्त भागवत कथा की तैयारियां करीब-करीब पूर्ण होने की कगार पर है। उक्त कथा में योग गुरु बाबा रामदेव के भी आने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि कि कथा में सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन के अलावा अखण्ड हिन्द फौज के करीब साठ लोग रहेंगे। जिसमें तीस महिलाएं भी होंगी। कथा वाचक ठाकुर जी महराज के लिए गांव में ही रूकने के लिए एसी कमरे की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि ठाकुर महराज जी के साथ उनके 27 लोग भी साथ में आ रहे हैं। जिसमें ठाकुर महराज जी के रसोईए भी हैं। आज कथा स्थल पर पहुंची समाजवादी पार्टी(सपा) की पूर्व राज्यसभा सांसद कनक लता सिंह ने कहा कि भागवत कथा भागवत करना और सुनना ही व्यक्ति को शांति की ओर लेकर जाता है। कोई भी कार्य बिना भगवान की कृपा से पूर्ण नहीं हो सकता। सच्चा भक्त बिना किसी स्वार्थ और अहंकार रहित ईश्वर को सब कुछ सौंप देना।

## संक्षिप्त समाचार

### अजय राज पहुंचे श्रीविद्यामठ शंकराचार्य का लिया आशीर्वाद

**वाराणसी।** होली के पावन अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं अन्य कार्यकर्ता श्रीविद्या मठ पहुंचे, जहां उन्होंने जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री राय ने शंकराचार्य के चरणों में गुलाब की पंखुड़ियां अर्पित कीं तथा उन्हें होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश, प्रदेश एवं समाज के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि संत समाज सदैव समाज को सही दिशा प्रदान करता आया है। सनातन धर्म की परंपराओं, आस्था एवं धार्मिक मूल्यों की रक्षा में जगद्गुरु शंकराचार्य जैसे महान संतों का मार्गदर्शन पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा चलाए जा रहे आंदोलनों एवं उठाए जा रहे धार्मिक एवं सामाजिक मुद्दों का समर्थन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है और आगे भी रहेगी। यदि धर्म, संस्कृति एवं संत समाज के सम्मान को ठेस पहुंच. ाने का प्रयास किया जाएगा, तो कांग्रेस पार्टी उसका पुरजोर विरोध करेगी। कांग्रेस पार्टी हमेशा से भारत की गंगा-जमुनी तहजीब, धर्मनिरपेक्ष मूल्यों तथा सभी धर्मों के सम्मान की पक्षधर रही है। संत समाज की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र एवं भारतीय परंपराओं के विरुद्ध है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। होली का पर्व प्रेम, भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं आपसी सद्भाव का प्रतीक है। यह पर्व हमें भेदभाव भूलकर एकता एवं भाईचारे के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली लाए तथा समाज में प्रेम और एकता की भावना को और अधिक मजबूत करे।

### होली खेल रहे हैं युवकों पर पिस्टल तानने वाला युवक गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में बुधवार को होली खेल रहे युवकों पर पिस्टल तानने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध पिस्टल व कारतूस बरामद किया हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार बुधवार को होली के त्योहार के दौरान नगर कोतवाली पुलिस की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। सिरवारा रोड निवासी सिद्धार्थ यादव ने नार्मल चौराहे पर होली खेल रहे युवकों पर पिस्टल तान दी, जिससे मौके पर अफरा- तफरी मच गई। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अवैध पिस्टल व तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से किसी भी अप्रिय घटना को होने से पहले ही रोक दिया गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त की जा रही थी, इसी सतर्कता के चलते समय रहते आरोपी को पकड़ लिया गया। वहीं दूसरी ओर निराला नगर क्षेत्र में दो से तीन अराजक तत्वों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसका हाथ डिसलोकेट हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया। पीड़ित के परिजनों ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### आजमगढ़ में मुठभेड़ में चार शातिर गिरफ्तार

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में पुलिस ने बीती रात दो स्थानों पर हुई मुठभेड़ों में चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। निजामाबाद और फूलपुर थाना क्षेत्रों में हुई इन मुठभेड़ों में दो बदमाश पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हुए हैं। इन घायलों में एक 17 मुकदमे वाला हिस्ट्रीशीटर है। पकड़े गए आरोपियों के पास से अवैध असलहे, चोरी की बाइक और गोकशी के उपकरण बरामद किए गए हैं। क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल बताया कि पहली मुठभेड़ निजामाबाद थाना क्षेत्र के नेवादा पुल के पास 4 मार्च की रात करीब 10:25 बजे हुई। पुलिस टीम संदिग्धों की तलाश में चेकिग कर रही थी, तभी बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस पर जानलेवा फायरिग शुरू कर दी। पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में शातिर गोतस्कर और हिस्ट्रीशीटर मेराज घायल हो गया, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, उसका साथी नासिर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। मेराज पर पहले से गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के 17 से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से एक -315 बोर तमंचा, कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल और नकदी बरामद की है। एक अन्य मुठभेड़ के बारे में फूलपुर के क्षेत्राधिकार किरण सिंह पाल ने बताया कि यह मुठभेड़ फूलपुर थाना क्षेत्र के मुडियार ग्राम के पास 5 मार्च की तड़के करीब 2:15 बजे हुई। यह कार्रवाई ग्राम कौड़िया में मिले प्रतिबंधित पशु अवशेषों के मामले की जांच के दौरान हुई। यहां पुलिस और बदमाशों के बीच हुई फायरिग में मो- आमिर घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर आमिर सहित कुल तीन अभियुक्तों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे सुनियोजित तरीके से गोवंश को पकड़कर उनका वध करते थे और मांस की बिक्री करते थे। इनके कब्जे से दो चापड़, तमंचा और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

### अंबेडकर के मुंह पर लगे कालिख को जिलाधिकारी ने स्वयं साफ किया

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्र के अंबेडकर पार्क में स्थापित अंबेडकर प्रतिमा पर पर बुधवार रात किसी अराजक तत्व ने कालिख पोत दिया था, जिसे गुरुवार की सुबह जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने स्वंय अपने हाथों से साफ किया और माल्यार्पण भी किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जौनपुर नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में अंबेडकर तिराहे पर लगी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर बुधवार की रात किसी अराजक तत्व द्वारा उनके मुंह पर कालिख लगा दिया गया था, जिसे आज गुरुवार को सुबह बाबा साहब के कुछ अनुयायियों ने देखा और वहां पर देखते ही देखते काफी भीड़ इकठा हो गई और भारी संख्या में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी आ गए। बाबा साहब के अनुयायियों की मांग थी कि मूर्ति खंडित हो गई है इसे बदल दिया जाए। इसकी जानकारी होने पर जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह मौके पर आए और जिलाधिकारी ने लोगों को समझाते हुए अपने हाथों से स्वयं बाबा साहब के मुंह पर लगे कालिख को साफ किया और माल्यार्पण भी किया।

# मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

■ हवन पूजा में लिया हिस्सा, कपिल देव और महेश शर्मा रहे मौजूद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को केडीएसजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने विधि-विधान से हवन में हिस्सा लिया। इस मौके पर पूर्व क्रिकेटर कपिल देव, सांसद डॉ. महेश शर्मा सहित करीब 1000 लोग मौजूद रहे। इनमें अस्पताल का स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, डॉक्टर और भाजपा के कार्यकर्ता शामिल रहे।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने अस्पताल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्हें अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, विशेषज्ञ डॉक्टरों और सर्जरी से जुड़ी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधन की शुरुआत करते हुए पूर्व क्रिकेटर कपिल देव का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा- ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र में केडीएसजी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे एनसीआर से जुड़े लोगों को बेहतर और आधुनिक इलाज की सुविधा मिल सकेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र हर व्यक्ति के लिए अत्यंत जरूरी है। हर नागरिक बेहतर चिकित्सा सुविधा की अपेक्षा रखता है। सरकार ने इस दिशा में लगातार प्रयास किए हैं, लेकिन जब तक निजी क्षेत्र की सहभागिता नहीं होगी, तब तक व्यापक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना कठिन रहेगा।

**यूपी में पांच करोड़ गोल्डन कार्ड धारक:** आजादी के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना शुरू की। आज इस योजना से देशभर में करीब 60 करोड़ लोग जुड़ चुके हैं और इसका लाभ ले रहे हैं। उत्तर प्रदेश में ही 5 करोड़ से ज्यादा लोगों के गोल्डन कार्ड बन चुके हैं। इन कार्ड धारकों को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। जो भी पात्र व्यक्ति है, वह बिना किसी भेदभाव के सूचीबद्ध अस्पताल में जाकर इस योजना का फायदा उठा सकता है।

स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जरूरी है। सुपरस्पेशलिटी अस्पताल बनना अच्छी बात है, लेकिन यह भी जरूरी है कि सरकार की तय दरों और निजी अस्पतालों की फीस के बीच संतुलन बना रहे। आम आदमी को इलाज सस्ता, भरोसेमंद और बिना किसी धोखाधड़ी के मिलना चाहिए। मरीज जब डॉक्टर के पास जाता है तो वह भरोसा लेकर जाता है, और डॉक्टर का अच्छा व्यवहार ही उसकी आधी बीमारी दूर कर देता है।

**कपिल देव को देखते ही पाक टीम आधा मैच हार जाती थी:** उन्होंने कहा- जब कपिल देव गेंदबाजी करने उतरते थे तो पाकिस्तान की टीम आधा मैच पहले ही हार मान लेती थी। उसी तरह अगर डॉक्टर पूरे आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ मरीज का इलाज करें तो बीमारी आधी तो वहीं खत्म हो जाती है। जब दवा और दुआ दोनों साथ मिल जाएं तो मरीज जल्दी ठीक होता है और अस्पताल की साख भी बढ़ती है।

**1000 लोगों को मिलेगा इलाज:** 2014 तक देश में सिर्फ छह एम्स ही काम कर रहे थे, लेकिन आज 23 विश्वस्तरीय एम्स संस्थान संचालित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 2017 तक 17 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि अब 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज' की नीति पर काम करते हुए 75 जिलों में करीब 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं या निर्माणाधीन हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर यह समूह दूसरे जिलों में भी निवेश करना चाहता है तो सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है।

केडीएसजी 300 बेड का आधुनिक अस्पताल है, जिससे सीधे और परोक्ष रूप से करीब 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा। यहां डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों, वार्ड बॉय और सुरक्षा कर्मचारियों समेत कई वर्गों के लिए नौकरी के अवसर पैदा होंगे। यह अस्पताल सिर्फ स्वास्थ्य सेवाएं ही नहीं देगा, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देगा।

आयुष्मान भारत योजना के साथ-साथ शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षा मित्रों और रसोइयों को भी कैशलेस इलाज की सुविधा दी गई है। जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया, उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से अब तक 1300 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी जा चुकी है।

**'वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया' के रूप में प्रदेश की पहचान थी:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा- उत्तर प्रदेश अब पूरी तरह बदल चुका है। पहले प्रदेश की पहचान 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया' के रूप में होती थी, लेकिन अब 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' और 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज' जैसी योजनाओं के लिए जाना जाएगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने जा रहा है। प्रदेश में करीब 55 प्रतिशत मोबाइल फोन का निर्माण हो रहा है और 60 प्रतिशत कंपोनेंट, मेडिकल डिवाइस, लॉजिस्टिक्स और कार्गो हब का विकास किया जा रहा है।

विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। जो प्रदेश कभी अपनी पहचान के लिए संघर्ष करता था, वही आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है।

**कपिल देव ने सीएम योदी का जताया आभार:** उद्घाटन के बाद सबसे पहले पूर्व क्रिकेटर कपिल देव ने संबोधन किया। उन्होंने सीएम योगी का आभार जताते हुए कहा- हम आपके भरोसे पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा। उत्तर प्रदेश का नाम देश-विदेश तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

**200 करोड़ में बना केडीएसजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल:** केडीएसजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल करीब 200 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। यह अस्पताल कपिल देव की पार्टनरशिप में स्थापित किया गया है। यहां कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अस्पताल में उन्नत सर्जरी के लिए हाईटेक मशीनें लगाई गई हैं। प्रबंधन का दावा है कि मरीजों को कम खर्च में आधुनिक और बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## ग्रेनो के नौ सरकारी विद्यालयों को संवारा जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के खानपुर, गिरधरपुर, सिरसा, बिरौंडी, बिरौंडा समेत नौ गांवों में स्थित सरकारी विद्यालयों को संवारने का काम किया जाएगा। अतिरिक्त कमरे बनाने व मरम्मत समेत अन्य कार्य कराए जाएंगे। इस पर आने वाले खर्च का आकलन कर प्राधिकरण जल्द निविदा जारी करेगा। लगभग पांच करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रदेश सरकार की कायाकल्प योजना के तहत सरकारी विद्यालयों के सौंदर्यीकरण व नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं,ताकि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे में भी अच्छे माहौल में पढ़ाई कर सकें। वर्षों पहले बने कुछ विद्यालयों के भवन जर्जर हो चुके हैं।

योजना के तहत ग्रेटर नोएडा के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से काम कराए जा रहे हैं। विद्यालयों की सूची जिला बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दी जाती है। वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि बिरौंडी, बिरौंडा, खानपुर, गिरधरपुर, घंघौला, सिरसा, चूहड़पुर खादर, सलेमपुर गुर्जर व बल्ला की मढैया आदि गांवों में स्थित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जरूरी विकास कार्य कराए जाएंगे। इन विद्यालयों में आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त कमरे, भवन की मरम्मत, रंगाई-पुताई, फर्नीचर, शुद्ध व स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ सिस्टम, हैंडपंप आदि कार्य कराए जाएंगे। सुरक्षा के लिए चारदीवारी का भी निर्माण किया जाएग। बता दें कि पीएम श्री योजना के तहत भी सरकारी विद्यालयों को हाईटेक बनाया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में पंचायत चुनाव की व्यवस्था समाप्त होने के बाद प्राधिकरण द्वारा सभी जरूरी विकास कार्य कराए जाते हैं। इसमें स्कूलों का निर्माण व सौंदर्यीकरण का कार्य भी शामिल हैं। गांवों के सरकारी विद्यालयों में ओपन लगाने की तैयारी वहीं जेवर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रेटर नोएडा के 30 से अधिक गांवों में ओपन जिम लगाने की भी तैयारी चल रही है। प्राधिकरण द्वारा पूर्व में इसकी निविदा जारी की गई थी। ओपन जिम के लिए स्कूल परिसर के साथ खेल के मैदान में जगह चिन्हित की गई है। कासना, बिरौंडा, डाढ़ा, सिरसा, खानपुर, लड़पुरा, घंघौला, चीरसी, अस्तौली, गिरधरपुर, अमीनाबाद उर्फ नियाना, रामपुर माजरा, आजमपुर गढ़ी, दलेलगढ़, बागपुर, बिसायच, दादूपुर, नवादा, ऐच्छर, मुर्शदपुर, घरबरा, अटाई मुरादपुर, इमलियाका, पंचायतन, रौनी, कुलीपुरा, हवेता, पीपलका सूरतपुर, अमरपुर, ननवा का राजपुर, कनारसी, कनरसा, जुनैदपुर, चचूला व रोशनपुर आदि गांव शामिल हैं। कायाकल्प योजना के तहत क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों का सौंदर्यीकरण व नवीनीकरण कर सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

## पत्नी के सामने प्रेमी की गोली मारकर हत्या




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-75 स्थित सोसाइटी में बुधवार दोपहर पत्नी के सामने प्रेमी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप प्रेमिका, उसके दो भाइयों और एक पड़ोसी पर है। आरोपी पक्ष का कहना है कि प्रेमी पिछले चार वर्ष से युवती को शादी का झांसा दे रहा था। सेक्टर-113 थाना पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत पर केस दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक सेक्टर-75 स्थित आईवीवाई काउंटी सोसाइटी में प्रॉपर्टी साहिल सिंघल परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में माता-पिता, उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। करीब चार वर्ष पहले साहिल की मुलाकात गाजियाबाद के विष्णु एन्क्लेव में रहने वाली प्रिया सोलंकी से हुई।

उस समय प्रिया नोएडा की एक कंपनी में काम करती थी। इसी दौरान दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे यह रिश्ता प्रेम संबंध में बदल गया। प्रिया शादी करने के लिए साहिल पर दबाव बनाने लगी, लेकिन साहिल ने दूरी बनाना शुरू कर दिया। इसी मुद्दे पर बात करने के लिए बुधवार दोपहर प्रिया अपने भाई निखिल सोलंकी, लोकेंद्र उर्फ लब्बू सोलंकी और पड़ोसी लक्की के साथ कार से आईवीवाई काउंटी सोसाइटी पहुंची। होली पर मिलने के बहाने आए चारों को साहिल ने सोसाइटी में प्रवेश दिलाया। चारों सीधे साहिल के फ्लैट पर पहुंचे। जहां पर उन्हें साहिल की मां सीमा सिंघल मिलीं। जहां से आरोपियों को पता चला कि साहिल अपनी पत्नी के साथ सोसाइटी में भूतल पर होली खेल रहा है, सभी लोग सीधे वहीं पहुंच गए। प्रिया ने एक बार फिर साहिल के सामने शादी का प्रस्ताव रखा। इस पर साहिल ने इनकार कर दिया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, तभी युवती के भाई निखिल ने अवैध पिस्टल से साहिल को उसकी पत्नी के सामने गोली मार दी। आरोपी कार में बैठकर फरार हो गए। परिजन ने आनन-फानन में साहिल को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी। टीम ने कुछ ही देर में चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

**सोसाइटी में भी विवाद हुआ:** पुलिस के अनुसार साहिल सिंघल पहले से शादीशुदा थे। उनके दो बच्चे हैं। इसके बावजूद वह पिछले चार वर्षों से युवती के साथ प्रेम संबंध में थे। आरोपी पक्ष के मुताबिक, साहिल ने युवती को आश्वासन दिया था कि वह जल्द ही पत्नी को तलाक देगा और उससे शादी कर लेगा। साहिल यह बात काफी लंबे समय से कर रहे थे, लेकिन वादा पूरा नहीं कर रहा थे। इसको लेकर दोनों के परिवार में नाराजगी चल रही थी। बुधवार को भी इसी बात को लेकर सोसाइटी में विवाद हुआ।

**युवती के भाई ने गुस्से में गोली चलाई:** विवाद के दौरान युवती के एक भाई निखिल सोलंकी को गुस्सा आ गया। अचानक उसने अवैध पिस्टल निकाली और साहिल सिंघल पर गोली चला दी। गोली लगते ही साहिल गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज सुनकर सोसाइटी में होली खेल रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। साहिल की पत्नी परिजन की मदद से लहूलुहान साहिल को लेकर अस्पताल पहुंची।

**अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत:** घायल साहिल सिंघल को परिजन और स्थानीय लोग तुरंत पास के अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के अनुसार, गोली लगने से साहिल की हालत बेहद गंभीर हो गई थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं, सोसाइटी में रहने वाले लोगों के बीच भी दहशत का माहौल बन गया।

**युवती को धमकी दे रहे थे साहिल:** आरोपी पक्ष के मुताबिक, साहिल सिंघल द्वारा युवती को लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था। इसको लेकर वह मोबाइल फोन से धमकी भी दे रहा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी पक्ष ने इस संबंध में गाजियाबाद के थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया था। पुलिस उस मुकदमे के संबंध भी जानकारी जुटा रही है।

## एक नजर

### डंपर की टक्कर से तीन माह के मासूम की मौत, चार घायल

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार एक परिवार हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में तीन माह के बच्चे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य चार लोगों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। गांव प्यावली जैतवारपुर निवासी राहुल ने बताया कि 2 मार्च को उनके बड़ा भाई अरुण, अपनी पत्नी सुशीला और बच्चों हर्षिता (5), पलक (3) और तीन माह के मासूम तौमर को लेकर बाइक से जैतपुर गांव जा रहा था। जैसे ही वह जुनपत गोलचक्कर के पास पहुंचे वैसे ही तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस कारण बाइक सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल कैलाश अस्पताल (नॉलेज पार्क) में भर्ती कराया गया। मंगलवार को तौमर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि अन्य घायलों की हालत स्थिर है। इस बात की जांच की जा रही कि बाइक चालक ने हेलमेट लगाया था या नहीं। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### ईएसआईसी अस्पताल के चिलर प्लांट में चोरी और तोड़फोड़

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-24 ईएसआईसी अस्पताल के चिलर प्लांट में चार माह पूर्व हुई चोरी और तोड़फोड़ के मामले में सेक्टर-24 थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अस्पताल के प्लांट में अज्ञात व्यक्ति ने घुसकर चोरी की। कई मशीनों में तोड़फोड़ की। इससे प्लांट में लाखों रुपये का नुकसान हुआ। सेक्टर-56 निवासी अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में अधिकारी हैं। पिछले वर्ष 21 अक्तूबर की रात साढ़े 12 बजे अज्ञात व्यक्ति अस्पताल के चिलर प्लांट में घुस गया। उसने तीन चिलर मशीनों के कई महत्वपूर्ण पुर्जों के साथ छेड़छाड़ की। आरोपी ने उन्हें क्षतिग्रस्त किया।

### गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपी को नहीं मिली राहत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गैर इरादतन हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी नितिश भाटी उर्फ नितिश कुमार उर्फ जादू की जमानत खारिज कर दी है। अदालत ने नितिश की प्रथम जमानत याचिका को अपराध की गंभीरता देखते हुए अस्वीकार कर दिया। अभियोजन के अनुसार, 3 नवंबर 2025 की शाम ग्रीन फील्ड स्कूल के पास लव कुमार उर्फ लव गुरु और गौरव अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान आरोपी सचिन गुर्जर, नितिश भाटी और अन्य साथी कार से आए और लव के साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद लव की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वहीं, गौरव के बचाने पर सचिन ने पिस्टल से फायर कर दिया था। गोली गौरव के पैर में लगी थी। मामले की गंभीरता और उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए अदालत ने आरोपी को जमानत देने से मना कर दिया।

### महिला की हत्या गला दबाकर की गई थी, मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-129 स्थित गुलशन मॉल के पास मिले महिला के शव के मामले में हत्या की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक महिला की हत्या गला दबाकर की गई थी। उसके पति की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हत्या किसने और क्यों की, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस को सोमवार सुबह सूचना मिली कि सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा। महिला की पहचान 23 वर्षीय कविता सिंह के रूप में हुई। वह मूलरूप से साहिबाबाद की रहने वाली थी। उसका पति शंकर दिल्ली में एक होटल पर काम करता है। दोनों की ढाई साल की एक बेटी भी है। महिला भी दिल्ली में ही बतौर घरेलू सहायिका काम करती थी। शुरुआत में पुलिस ने पति को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन कुछ जानकारी नहीं मिली। पुलिस के मुताबिक घटना में एक चालक की भूमिका संदिग्ध लग रही है। पुलिस उस चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है। वहीं, घटना वाले दिन घर से निकलने के बाद महिला कहां-कहां गई थी और किससे उसकी मुलाकात हुई, इसकी भी जांच की जा रही है।

## भूखंड बेचने के नाम पर महिला से धोखाधड़ी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63ए में 126 वर्ग मीटर का आवासीय भूखंड बेचने का झांसा देकर महिला से 2.25 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर सेक्टर-63 थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। सेक्टर-122 निवासी सुनीता चौधरी ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्हें रहने के लिए आवासीय भूखंड की आवश्यकता थी। इसके संबंध में उनकी मुलाकात दिल्ली के न्यू कोंडली निवासी छविराम शर्मा से हुई। उसने सेक्टर-63ए में 126.45 वर्ग मीटर आवासीय भूखंड दिलाने का वादा किया। उनको भूखंड के दस्तावेज भी दिखाए। भूखंड का सौदा दो करोड़ 65 लाख रुपये में तय हुआ।

पीड़िता ने चेक के माध्यम से 10 लाख रुपये 30 जनवरी 2024 को दिए। इसके बाद 20 फरवरी 2024 को नोएडा प्राधिकरण में ट्रांसफर मैमोरेंडम कर दिया। इसके बाद बैनामा करने के लिए कहा। आरोपी छविराम शर्मा ने आधार कार्ड में नाम में गलती होने के चलते बैनामा करने के लिए कुछ दिन का समय मांगा। इसके बाद आरोपी ने तीन अप्रैल 2024 को पीड़िता के हक में इकरारनामा कर दिया। इन दस्तावेजों में भूखंड को 65 लाख रुपये में बेचना दिखाया। इस संबंध में आरोपी से बात की तो उसने दस्तावेजों में गलती की बात स्वीकार की। पीड़िता ने आरोपी को अलग-अलग तिथियों में करीब दो करोड़ 10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद भी आरोपी ने 15 लाख रुपये मजबूरी दिखाते हुए मांगे। पीड़िता ने 15 लाख रुपये और दे दिए। बार-बार कहने के बाद भी आरोपी रजिस्ट्री करने से इनकार करता रहा। जांच करने पर पता चला कि आरोपी ने पीड़िता के अलावा कई और लोंगों को भूखंड बेचने के नाम पर इकरारनामा करते हुए धोखाधड़ी कर रखी है। 2.25 करोड़ रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि पुलिस के सुनवाई न करने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छविराम शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विवाद होने पर ग्राहक और ढाबे के कर्मचारी भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो के रामपुर फतेहपुर गांव के समीप ढाबे पर भोजन करने के दौरान ग्राहक और दो कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद ग्राहक ने अपने दो साथियों को बुलाकर कर्मचारियों को बुरी तरह पीटा। ढाबा संचालक की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक जैतपुर गांव के रहने वाले गवेंद्र सिंह रामपुर फतेहपुर गांव के समीप एक ढाबा चलाते हैं। उन्होंने बताया कि सिरसा गांव का रहने वाला सुरेंद्र सोमवार की रात ढाबे पर भोजन करना पहुंचा। इस दौरान सुरेंद्र का किसी बात को लेकर ढाबे के कर्मचारी रिजवान और अनुज से विवाद हो गया।

सुरेंद्र ने फोन कर अपने दो अन्य साथियों मैनपाल और आदित्य को ढाबे पर बुला लिया। इसके बाद तीनों ने मिलकर ढाबे के कर्मचारी रिजवान और अनुज के साथ बुरी तरह मारपीट की। वह बीचबचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट में कर्मचारी रिजवान और अनुज को काफी चोटें आईं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस मामले में पुलिस ने ढाबा संचालक की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दादरी कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बारातघरों से बैग और पर्स चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने सेक्टर-सोसाइटी और कॉलोनियों के अंदर बने बारातघरों की रेकी कर विवाह समारोह से लोगों के बैग और पर्स चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी के 51 हजार रुपये और एक चाकू बरामद हुआ। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान जिला आजमगढ़ के सुरजीत सुहागपुर के रूप में हुई। फिलहाल वह दिल्ली के संगम विहार में रहता है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुरजीत पहले बाइक से घूमकर दिल्ली-एनसीआर में उन बारातघरों की रेकी करता, जहां पर शादी या कार्यक्रम होता।

इसके बाद रात में भीड़ का हिस्सा बनकर लोगों के जेब से पर्स और बैग चोरी कर फरार हो जाता। वह लोगों को डराने के लिए पास में चाकू भी रखता। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में आठ केस दर्ज हैं। उसने हाल में सेक्टर-41 स्थित बारातघर से रेकी कर बैग चोरी किया था, जिसमें 51 हजार रुपये थे। पुलिस ने बारातघर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## त्योहार पर कुछ सेक्टरों में कई घंटे तक बत्ती गुल रही

**नोएडा।** होली के दिन कुछ सेक्टरों में बिजली कटौती होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई। लोगों ने बिजली कटौती की शिकायत 1912 के अलावा स्थानीय कंट्रोल रूम के नंबर पर दर्ज कराई। सेक्टर और गांवों में लोगों को दो से तीन घंटे तक कटौती का सामना करना पड़ा। बुधवार को होली के दिन लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। लोगों का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। सेक्टर-44 छलेरा निवासी नितित शर्मा ने बताया कि स्थानीय बिजली उपकेंद्र पर शिकायत करने के बाद भी आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ है। मार्च के पहले सप्ताह में बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है।

## सादगी और सौहार्द के साथ लोगों ने होली मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर वासियों ने गुलाल लगाकर और उड़ाकर होली का पर्व सादगी और सौहार्द के साथ पर्व मनाया। मथूरा से आए कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी। लोगों ने गुलाल और चंदन लगाकर उल्लास से पर्व मनाया। इसके साथ ही लोगों से आपसी भाईचारा और सदभाव बनाने की अपील की भी की गई। डीजे और ढोल-नगाड़े पर घंटों तक लोग थिरकते रहे। शहर में सामूहिक रूप से आठ सौ से अधिक स्थानों पर लोग होली का पर्व मनाएंगे। इस दौरान लोगों में उत्साह देखते ही बना रहा। सेक्टर-62 सी ब्लॉक रजत विहार सोसाइटी में यूनाइटेड रजत विहार परिवार द्वारा होली रंगोत्सव का आयोजन किया गया।

यहां पर रंग बरसे गाने पर लोग झूमते रहे। सोसाइटी ने हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सोसाइटी के पुरुषों और महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं सेक्टर-105 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि सेक्टर के लोग गुलाल के साथ चंदन और फूलों से होली का पर्व मनाया गया। इस बार सेक्टर के सामुदायिक केंद्र में सुबह दस बजे दो बजे तक होली के अवसर पर मथूरा के कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी। इसके बाद होली के पर्व को यादगार बनाने के लिए पार्क में पौधे भी लगाए गए। इसके साथ ही वर्ष भर पौधे का संरक्षण करने का संकल्प भी लिया गया। सेक्टर-15 के सामुदायिक केंद्र परिसर और पार्क में होली उत्सव हुआ। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुमेर सिंह रावत ने बताया कि सेक्टर में हर्बल रंगों और चंदन के साथ होली का पर्व मनाया गया। लोगों ने पानी से भी होली खेली। लेकिन सीमित मात्रा में ही पानी का इस्तेमाल किया। इसके साथ ही कैमिकल रंगों का पूरी तरह बहिष्कार किया गया। इसके साथ ही पौधे लगाकर पर्यावरण संक्षरण का संदेश भी दिया गया। सेक्टर-76 गोल्फ व्यू सोसाइटी में भी सामूहिक रूप से होली का पर्व मनाया गया। सोसाइटी के कुछ लोगों द्वारा फेसबूक लाइव से भी होली का पर्व मनाया गया। सेक्टर-34 आरडब्ल्यूए के महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि आरडब्ल्यूए पदाधिकारी पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर होली का पर्व मनाया। इसके साथ ही जल संरक्षण का भी संदेश दिया जाएगा। सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष संजय मावी ने बताया कि सेक्टर के सामुदायिक केंद्र में होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। काफी संख्या में लोग होली के पर्व में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई देंगे। होली के पर्व में लोग अनावश्यक पानी बर्बाद नहीं करें, इसका भी संदेश दिया गया। इसी तरह शहर की तमाम सोसाइटी और सेक्टर में होली का पर्व मनाया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# होली के रंगों से सराबोर हुआ हर मन


अमरोहा। होली पर एक दूसरे को गुलाल लगाकार होली की जश्न मनाते लोग।


अमरोहा। एक-दूसरे को रंग लगाकर होली खेलती युवतियां।

**अमरोहा/हसनपुर**। जनपद भर में दुल्हेंडी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान रंग लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामना देने का सिल. सिला देर शाम तक जारी रहा। होलिका दहन के साथ ही रंगों की फुहार उड़नी शुरू हो गई थी। दिन निकलते ही होली का हुल्हड़ शुरू हो गया था। एक दूसरे के रंग लगाकर होली की बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। रंगों से माहौल पूरी तरह से रंगीन हो रहा था। जहां माहौल पूरी तरह अपनी मस्ती पर था तो वहीं कुछ स्थानों पर शराब पीकर शराबी रास्ते में पड़े हुए दिखाई दिये तो कुछ नाली में भी दिखाई दिए। हर ओर रंग उड़ता हुआ दिखा। जो भी बिना रंगे हुए दिखा उसे युवकों की टोली ने होली के रंगों से सरोबार कर दिया। हर ओर होली है, होली है की आवाज आती रहीं। दोपहर आते-आते होली का खुमार कम होने लगा था। देर शाम तक एक दूसरे के घर जाकर होली की बधाई देने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। उधर **हसनपुर** में बुधवार की सुबह से ही हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे के रंग गुलाल एवं अबीर लगाकर होली को मनाना शुरू कर दिया गया था। बच्चों एवं महिलाओं ने भी जमकर होली को उत्सव के रूप में मनाया। होली को शांतिपूर्वक तरीके से बनाने के लिए जगह-जगह पुलिस बल को तैनात किया गया था। साथ ही पुलिस कर्मियों की गश्त जारी थी। इसके अलावा गुरुवार को कोतवाली परिसर में सुबह से ही होली को लेकर पुलिस कर्मियों में उत्साह बना हुआ था। पुलिसकर्मी द्वारा डीजे पर जमकर नृत्य करते हुए पूरी मस्ती ली गई। बुधवार को होली के मुख्य दिन पुलिस अधिकारी व जवान सुबह से रात तक ड्यूटी पर तैनात थे। कोतवाली परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने जवानों का मुंह मीठा किया। साथ ही उन्होंने आपसी भाईचारा मनाने के लिए उन्हें प्रेरित किया। पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी को आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने का संदेश दिया। पुलिसकर्मियों द्वारा डीजे की धुनों पर जमकर नृत्य करते हुए उत्सव मनाया गया। पुलिस कर्मियों द्वारा होली उत्सव मनाने की सुबह से ही तैयारी की गई थी।

## जनपद भर में धूमधाम से मना होली का त्यौहार

**अमरोहा**। जनपद भर में रंगों का त्योहार होली सोमवार को परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से दोपहर तक एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। युवाओं ने डीजे पर होली के गीत बजाकर खूब डांस किया। लोगों ने होली के परंपरागत पवकान गुंजियों का खूब आनंद लिया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुस्तैद रही।

बुधवार को सुबह से ही होली पर्व का उल्लास शुरू हो गया था। सुबह से ही युवकों की अलग अलग टोलियां होली खेलने के लिए जुट गईं थीं। लोगों ने आसपास के लोगों के घर जाकर एक दूसरे को रंग लगाया और होली की बधाई दी। युवाओं का उत्साह चरम पर रहा। युवाओं ने रंग गुलाल के साथ साथ पक्का रंग लगाकर एक दूसरे को सराबोर कर दिया। तरह तरह की पिचकारियां हाथों में लेकर बच्चे भी होली मनाने में मशगूल रहे। दोपहर तक रंगने रंगाने का सिलसिला उत्साह के साथ चला, दोपहर बाद लोगों ने नहा धोकर अच्छे अच्छे व्यंजनों का आनंद लिया। होली के मद्देनजर पुलिस द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। वहीं पुलिस ने स्वयं भी कई बार मिश्रित आबादी वाले स्थानों का भ्रमण किया तो वहीं पुलिस की अतिरिक्त टीमें भी बनाई गईं। वहीं सोशल मीडिया पर भी होली की बधाईयों के संदेशों का दौर चलता रहा। लोगों ने एफबी, इंस्टा और व्हॉट्स एप पर अपने रंग बिरंगे फोटो भी अपलोड किए। उधर गुरूवार को पुलिस ने भी होली मनाई। बीते दिन लोगों की सुरक्षा में मुस्तैद पुलिस रंग नहीं खेल सकी थी, इसलिए पुलिस ने आज होली खेली।

## होली में खूब उड़ा रंग-गुलाल

### दिन भर होली गीतों पर थिरकी युवाओं की टोलियां

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। रंगों का पर्व 'होली' बुधवार को परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से दोपहर तक सड़कों पर रंगों की बौछार होती रही। युवाओं ने त्यौहार के मौके पर जमकर हुड़दंग मचाया। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर रंग लगाया और गुंजियों का आनंद लिया। बैंड बाजे व होली गीतों की धुनों पर होरियारों ने मस्ती में चूर होकर नृत्य करने का मौका नहीं जाने दिया।

बुधवार को होली को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही सड़कों पर युवकों की अलग-अलग टोलियां सक्रिय हो गई थी। इस दौरान नगर के स्टेशन रोड,

**पुलिस की रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

अतरपुरा, कविनगर, बस्ती, अम्बेडकरनगर, चौपला, नाईपुरा, फाजलपुर, भानपुर, लक्ष्मीनगर, बसंत विहार आदि सहित शहर के हर मोहल्ले व गलियों में जमकर होली खेली गई। विशेषकर युवाओं का उत्साह चरम पर रहा। युवाओं ने रंग गुलाल के साथ साथ पक्का रंग लगाकर एक दूसरे को सराबोर कर दिया। होली गीतों की मधुर धुन पर मस्ती में थिरकते युवाओं की टोलियों ने नगर भ्रमण कर अपने मित्रों, सहयोगियों व सहपाठियों को होली के रंग में सराबा. ेर कर दिया। दोपहर तक रंगने रंगाने का सिलसिला उत्साह के साथ चला, उसके बाद लोगों ने अपने अपने घर जाकर नहा धोकर गुंजिया सहित अच्छे अच्छे व्यंजनों का आनंद लिया। होली के द्रष्टिगत पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए। सीओ अंजलि कटारिया, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, एसएसआई अभिलाष प्रधान सहित चौपला चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज नरेन्द्र कुमार, कुमराला चौकी इंचार्ज नितेन्द्र वशिष्ठ आदि सहित अन्य चौकियों के प्रभारियों ने सुरक्षा व्यवस्था हेतु सतर्कता बरती। नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस सतर्क रही। संवेदनशील गांवों में भी पुलिस की विशेष नजर रही।


गजरौला। होली पर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशी मनाते लोग।

## बिजनौर रोड पर भीषण जाम से लोग बेहाल

### डेढ़ किलोमीटर लगे जाम में लोगों के छूटे पसीने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**। बृहस्पतिवार को भीषण जाम ने बिजनौर रोड पर कब्जा कर लिया। घंटो जाम मे फंसे रहे मुसाफिर बेहाल हो गए, और उनके पसीने छूट गए। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे जाम मे वाहन रेंग रेंग कर चलते रहे। जबकि कई एम्बुलेंस भी जाम में फंसी नजर आई। मुसाफिर जाम से निकलने की हर मुमकिन कोशिश करते रहे परन्तु कोई कामयाबी नहीं मिली। दो पहिया वाहन चालक किसी तरह तंग गलियों व कच्चे रास्तों से निकलने में कामयाब रहे।

बृहस्पतिवार को पुलिस कर्मियों की होली थी। उनके ड्यूटी पर न होने से बिजनौर रोड घंटो जाम की गिरफ्त में रहा। इक्का दुक्का ही होमगार्ड व ट्रैफिक पुलिस कर्मी जाम खुलवाने की कोशिश करते नजर आए लेकिन कामयाबी नहीं मिली। शहर के मुख्य टीपी चौराहा, लकड़ा चौराहा, मंडी चौब चौराहा व मैंने बाजार में जाम से राहगीरों को रोज दो चार होना पड़ता है। जाम मे फंसकर मिनटों का सफर घंटो मे तय करना अब उनकी दिनचर्या में शामिल हो गया है। बृहस्पतिवार को जाम ने बिजनौर रोड को गिरफ्त में ले लिया। एकेके इंटर कॉलेज से वासुदेव रोड तक घंटो जाम मे दूर दूर तक वाहनों की लंबी लंबी लाइने लगी रही।



### शहर में नासूर बनी जाम की समस्या

**अमरोहा**। बिजनौर रोड पर लगा भीषण जाम दरअसल शहर की पुरानी और गंभीर समस्या की एक और तस्वीर है। टीपी चौराहा, लकड़ा चौराहा, मंडी चौब चौराहा और मेन बाजार क्षेत्र में आए दिन जाम की स्थिति बनती रहती है। हालत यह है कि कुछ मिनटों का रास्ता तय करने में लोगों को घंटों लग जाते हैं। स्कूली बच्चे, नौकरीपेशा लोग और मरीज तक इस अव्यवस्था से जूझते नजर आते हैं। बृहस्पतिवार को हालात इसलिए और बिगड़ गए क्योंकि पुलिस कर्मियों की होली के चलते पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिस तैनात नहीं थी। गुरूवार होने के कारण शाह विलायत दरगाह पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार से भीड़ और बढ़ गई। दरगाह पर आने वाले जायरीन, बाजार में खरीदारी करने पहुंचे लोग और मुख्य मार्ग से गुजरने वाले वाहनों का दबाव एक साथ बढ़ने से बिजनौर रोड पूरी तरह जाम की गिरफ्त में आ गया। ए के के इंटर कॉलेज से वासुदेव रोड तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लगी रहीं। लोगों का कहना है कि गुरुवार और अन्य व्यस्त दिनों के लिए अलग ट्रैफिक प्लान बनाया जाना चाहिए।

## कार लूट के दो दोषियों को छह-छह साल की सजा

### ओवरटेक कर व्यापारी से लूटी थी कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**। व्यापारी से लूट करने वाले मेरठ और मुजफ्फरनगर के दो बदमाशों को कोर्ट ने छह-छह साल जेल की सजा सुनाई। साथ ही 400 रुपये का जुर्माना लगाया।

वारदात 15 अक्तूबर 2016 की है।अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की आशियाना कॉलोनी निवासी व्यापारी अनूप अग्रवाल वारदात वाले दिन सुबह सवेरे लगभग चार बजे अमरोहा रेलवे स्टेशन पर चाय पीने के बाद अपनी वैगनआर से जोया रोड पर गांव नवादा रोड स्थित दुकान पर जा रहे थे। दरअसल, उनकी दुकान पर ट्रक से सामान उतारने के लिए मजदूर खड़े हुए थे। तभी एसपी ऑफिस के पास कचहरी तिराहे पर सेंट्रो में सवार चार लोगों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया था, मारपीट के बाद बदमाश कार लूट फारार हो गए थे। कार में करीब 11 हजार रुपये नकद, सोने की चैन व अन्य सामान था। मामले में देहात थाना पुलिस ने चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। छानबीन के दौरान

**कोर्ट ने चार हजार का जुर्माना भी लगाया**

पुलिस ने मुजफ्फरनगर जिले के ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कमैडा के रहने वाले शाने आलम और मेरठ जिले के भावनपुर थाना क्षेत्र के गांव रुकनपुर के रहने वाले इरशाद को गिरफ्तार किया था। निशानदेही पर लूटा हुआ समान बरामद कर पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया था। फिलहाल, इस मुकदमे में दोनों जमानत पर थी।सुनवाई स्थानीय कोर्ट में चल रही थी। अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली का गहन अवलोकन किया। पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने शाने आलम व इकरार को दोषी करार दिया।

## कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़: डा. ढिल्लो

### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**। शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा और एकजुटता से ही संभव है। शहर के निशा पैलेस में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी के स्वागत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में पार्टी जिले में विकास और संगठन विस्तार के नए आयाम स्थापित करेगी। संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा और एकजुटता से ही संभव है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह, धनौरा चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र ढिल्लो, वीरेंद्र सिंह, श्रीमती आशा चंद्रा, कमल सिंह, राकेश वर्मा, भूप



सिंह बेनीवाल, केएस सैनी, पवनीत दिवाकर, भगवंत चौहान, शुभम चौधरी, हरिओम प्रजापति, श्रीमती विनिता सैनी, विकास बाबू प्रजापति, अमित शर्मा, श्रीमती कंचन वर्मा, अमित सैनी आदि मौजूद रहे।

## अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट में 16 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। होली के दिन अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट में 16 महिला पुरूष घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

**पुलिस ने छानबीन करके की अग्रिम कार्रवाई**

बता दें कि बुधवार को क्षेत्र में होली का त्यौहार यूं तो शांतिपूर्वक व्यतीत हुआ मगर कुछ स्थानों पर छोटी मोटी मारपीट की घटनाएं हुईं।



मारपीट की घटनाओं में मायापुरी मुहल्ला निवासी सोनू पुत्र ऋषिपाल सिंह एवं लकी पुत्र वीर सिंह, अनिल पवार पुत्र बाबूराम, वंश पुत्र अनिल पवार, सर्वेश देवी पत्नी राजू, रुद्रपवार पुत्र अनिल पवांर, हरीराम पुत्र मूलचंद, लक्ष्मी पत्नी राजेश, नरोत्तम निवासीगण मुहल्ला चौहानपुरी, अंकित शर्मा पुत्र विजय शर्मा निवासी गांव कासमाबाद, संजय पुत्र खान चंद व मंजू पुत्री कंचन निवासी मुहल्ला मायापुरी, कमलेश पत्नी कृष्ण कुमार निवासी गांव कांकाठेर, रूपाली पत्नी पुनीत निवासी एमडीए कॉलोनी, तनु पुत्री मनीश निवासी मुहल्ला संतनगर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।
























